


# मुश्किल दौर में संजू ने की बेहतरीन वापसी



**कोलकाता 02 मार्च भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि संजू सैमसन ने एक मुश्किल दौर के बाद बेहतरीन वापसी की है और उन्हें उम्मीद है कि उनकी लय सेमीफानल और फाइनल में भी जारी रहेगी.**

संजू की इस वापसी के बारे में मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा, 'हम सभी जानते हैं कि संजू कितने अच्छे खिलाड़ी हैं. यह सब उन्हें बैक करने (भरोसा जताने) के बारे में था और जब टीम को उनकी सबसे ज्यादा जरूरत थी, उस दिन उन्होंने इस तरह की बेहतरीन पारी खेली. वेस्टइंडीज के खिलाफ सैमसन की यह पारी पहली नजर में बेहद आक्रामक दिख सकती है, लेकिन उन्होंने पूरी पारी के दौरान बहुत सोच-समझकर जोखिम लिए और लगातार स्ट्राइक रोटेट करने का प्रयास किया. इसी क्रम में उन्होंने सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या और तिलक के साथ छोटी लेकिन महत्वपूर्ण साझेदारियां की.

गंभीर ने कहा, 'उन्होंने एक बेहतरीन अंदाज में अपनी पारी को नियंत्रित किया. मुझे वास्तव में ऐसा लगा कि उन्होंने कभी पारी को एक्सीलरेट (तेज) नहीं किया. ये सिर्फ बहुत ही सामान्य क्रिकेटिंग शॉट्स थे और मैंने किसी भी गेंद पर उन्हें जबरदस्ती ताकत लगाते हुए भी नहीं देखा. उन्होंने कहा जिम्बाब्वे के खिलाफ उनकी पिछली पारी बेहद महत्वपूर्ण थी.

लोग उनके स्कोर और अलग-अलग चीजो को देखते रहेंगे, लेकिन फिर टीम में वापस आना और 23-24 रनों की वह पारी खेलना, उनके लिए अच्छा एहसास रहा होगा. उससे उन्हें बहुत आत्मविश्वास मिला होगा क्योंकि जाहिर तौर पर उस खिलाड़ी के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज कठिन ही थी, लेकिन हम हमेशा उनकी क्षमता को जानते थे.'

# विराट-रोहित को खेलते देख मैच फिनिश करना सीखा : सैमसन



**वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 विश्व कप के सुपर-आठ के अहम मुकाबले में नाबाद 97 रनों पारी खेलकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले संजू सैमसन ने कहा कि मैंने विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ियों को खेलता देख मैच को फिनिश करना सीखा है. मुझे इस दिन का इंतजार था.**

सैमसन ने 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार लेने के बाद कहा, 'यह मेरे लिए मुकम्मल दुनिया मिलने का समान है. जिस दिन से मैंने खेलना शुरू किया मैंने सपना देखा था कि भारत के लिए खेलूंगा. मुझे लगता है कि मैं इसी दिन का इंतजार था. मैं ईश्वर का बहुत शुक्रगुजार हूं. सैमसन ने कहा, 'मैरी यह यात्रा बेहद खास और उतार-चढ़ाव भरी रही है. मैंने बहुत समय स्वयं पर संदेह करते बिताया है, यह सोचते हुए कि 'क्या मैं अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं.' लेकिन मैंने स्वयं पर भरोसा करना जारी रखा और मैं ईश्वर का शुक्रगुजार हूं जो उन्होंने आज मेरे ऊपर अपना आशीर्वाद बनाए रखा.

# जून में अफगानिस्तान से भिड़ेगा भारत

## 01 टेस्ट और 3 वनडे मैच

**मुम्बई, 02 मार्च भारत जून में अफगानिस्तान के साथ एक टेस्ट और तीन एकदिवसीय मैचों की घरेलू सीरीज की मेजबानी करेगा.**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के बाद यह दौरा छह जून से शुरू होगा और 10 जून तक न्यू चंडीगढ़ में एकमात्र टेस्ट मैच खेला जाएगा. इसके बाद 14, 17 और 20 जून को क्रमश: धर्मशाला, लखनऊ और चेन्नई में तीन एकदिवसीय खेले जाएंगे. यह दोनों टीमों के बीच दूसरा टेस्ट होगा. इससे पहले 2018 में पहला टेस्ट मैच



खेला गया था, जिसे भारत ने एक पारी और 262 रन से अफगानिस्तान को हराया था. यह टेस्ट मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र का हिस्सा नहीं होगा. यह भारत और अफगानिस्तान के बीच पहली द्विपक्षीय एकदिवसीय सीरीज भी होगी. अब तक दोनों टीमें इस प्रारुप में केवल एशिया कप और विश्व कप में ही आमने-सामने हुए हैं. मौजूदा टी-20 विश्व कप के बाद भारत की पहली सीरीज होगी.

# एफ 1 ऑस्ट्रेलियन ग्रैंड प्रिक्स तय योजना के अनुसार होगी

**मेलबर्न, 02 मार्च फॉर्मूला वन ऑस्ट्रेलियन ग्रैंड प्रिक्स के आयोजक ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में लड़ाई की वजह से यात्रा में रुकावट के बावजूद सीजन की ओपनिंग रेस रविवार को तय योजना के अनुसार होगी.**

ऑस्ट्रेलियन ग्रैंड प्रिक्स कॉर्पोरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ट्रैविस औल्ड ने मेलबर्न में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अधिकारियों, टीम सदस्यों और ड्राइवरों के लिए इस रुकावट से सीजन के पहले रेस वीकेंड पर कोई असर पड़ने की उम्मीद नहीं है. औल्ड ने कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल के हमलों के बीच पश्चिम एशिया के अंदर और बाहर बड़े पैमाने पर उड़ानों के रद्द होने से कुछ टीमों को यात्रा योजना बदलनी पड़ी हैं. उन्होंने आगे कहा कि एफ1 अधिकारियों ने यह पक्का करने के लिए लॉजिस्टिक्स मैनेज करने का काम लीड किया है कि ड्राइवर और टीम के लोग मेलबर्न सुरक्षित पहुचें. औल्ड ने कहा, 'हर कोई रेस के लिए यहाँ तैयार रहेगा, और फैन्स को कोई फर्क महसूस नहीं होगा.'



*उन्होंने कहा, 'कुछ ड्राइवर और कुछ टीम सदस्य पहले से ही ऑस्ट्रेलिया में हैं, लेकिन ब्रिटेन और मोटे तौर पर पूरे यूरोप में कई ऐसे लोग हैं जिन्हें यहां आने की जरूरत है, इसलिए उन्हें बस कोई दूसरा रास्ता ढूंढना होगा. मुझे यकीन है कि उनकी तरफ से इस पर काम हो रहा होगा.' ब्रिटेन की स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार दो हजार एफ वन वर्कर्स को पश्चिम एशिया में स्टॉपओवर से बचने के लिए यूरोप से मेलबर्न के लिए अपनी फ्लाइट्स को रीऑर्गेनाइज करना पड़ा, और ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन ने सोमवार को बताया कि लगभग 500 स्टाफर्स को तीन चार्टर्ड फ्लाइट्स से ऑस्ट्रेलिया भेजा जाएगा.*

## एक नजर में

### 23 वर्षों बाद हो रहा एसजेएफआई नेशनल कन्वेंशन

**नयी दिल्ली.** स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) का नेशनल कन्वेंशन 2026, 13 से 16 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा. 23 वर्षों के अंतराल के बाद यह प्रतिष्ठित वार्षिक आयोजन राष्ट्रीय राजधानी में लौट रहा है. दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (डीएसजेए) द्वारा आयोजित यह नेशनल कन्वेंशन एसजेएफआई की स्वर्ण जयंती के अवसर पर हो रहा है, जिससे यह संस्करण संगठन के इतिहास में अत्यंत विशेष और महत्वपूर्ण बन गया है. एसजेएफआई को खेल पत्रकारों की विश्व संस्था इंटरनेशनल स्पोर्ट्स प्रेस एसोसिएशन (एआईपीएस) से मान्यता और संबद्धता प्राप्त है. चार दिवसीय इस नेशनल कन्वेंशन में उत्तर, पूर्व, पश्चिम और दक्षिण जोन से खेल पत्रकार भाग लेंगे. इसके साथ ही भारतीय खेल जगत, खेल प्रशासन और प्रसारण क्षेत्र की प्रमुख हस्तियां भी इसमें शामिल होंगी. प्रमुख औद्योगिक सहयोगियों और प्रतिष्ठित ब्रांड्स के समर्थन से 2026 का यह संस्करण एसजेएफआई के इतिहास का सबसे बड़ा और प्रभावशाली आयोजन बनने जा रहा है. कार्यक्रम में पेशेवर संवाद, खेल प्रतिस्पर्धा और व्यापक नेटवर्किंग अवसरों का समावेश होगा.

### ललित ने कुश्ती टूर्नामेंट में जीता कांस्य पदक

**तिराना.** भारतीय पहलवान ललित ने मुहामेट मालो 2026 कुश्ती टूर्नामेंट के आखिरी दिन ग्रीको-रोमन 55 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता. इसी के साथ टूर्नामेंट में भारत के पदकों की संख्या सात हो गई. रविवार को खेले गये मुकाबले में 23 साल के भारतीय पहलवान, जिन्होंने 2023 में अंडर 23 एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था, ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज प्रतियोगिता में अपना पहला पोडियम कजाकिस्तान के आर्सेन जुमा पर 9-0 से जीत के साथ पक्का किया, जो पिछले साल अंडर 20 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता थे. इससे पहले ड्रॉ में, ललित ने क्वार्टर-फाइनल में अल्बानिया के एंडी मुका पर 8-0 की टेक्निकल सुपीरियोरिटी से जीत दर्ज की थी. फिर उन्हें सेमी-फाइनल में अजरबैजान के राशद मम्मादोव ने 6-5 से हराया. भारत के विश्वजीत मोरे ने भी ग्रीको-रोमन 55 किग्रा भार वर्ग में हिस्सा लिया, लेकिन कजाकिस्तान के मार्लन मुकाशेव से कांस्य पदक मुकाबला हार गए. भारत ने मुहामेट मालो 2026 के लिए 48 लोगों की रेसलिंग टीम भेजी, जिसमें पुरुषों की फ्रीस्टाइल, महिलाओं की डिवीजन और ग्रीको-रोमन कैटेगरी में 16-16 लोग शामिल थे.



### ट्रेनमैन और ब्राउन ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल



**पर्थ.** ऑस्ट्रेलिया ने इस हफ्ते वाका ग्राउंड पर होने वाले दिन-रात्रि टेस्ट के लिए रेचल ट्रेनमैन और मैटलन ब्राउन को अपनी अपनी टीम में शामिल किया है. यह दोनों अनकैप्ड खिलाड़ी इस हफ्ते पर्थ में टीम के साथ जुड़ेगी. ट्रेनमैन पहली बार पेरी के कवर के तौर पर ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल हुई हैं. ऑस्ट्रेलिया को उम्मीद है कि पेरी टेस्ट में खेलने के लिए अपने क्वाड स्ट्रेन से ठीक हो जाएंगी, लेकिन अगर वह नहीं खेलती हैं तो ट्रेनमैन एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर है. 24 साल की यह खिलाड़ी इस सीजन में 50 ओवर की विमेंस नेशनल क्रिकेट लीग में तस्मानिया के लिए टॉप ऑर्डर में जबरदस्त फ़ॉर्म में है, उसने 81 की औसत से 648 रन बनाए हैं और सीजन की सबसे अधिक रन बनाने वाली खिलाड़ियों में टॉप पर 130 रन आगे है.



# मेसी के दो गोल से इंटर मियामी ने ऑरलैंडो सिटी को हराया

**वाशिंगटन, 02 मार्च इंटर मियामी ने दो गोल से पिछड़ने के बावजूद लियोनेल मेसी के दो गोल की बदौलत मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में ऑरलैंडो सिटी को 4-2 से हराया.**

रविवार खेले गये मुकाबले में मेसी ने ना केवल दो गोल किये ब्लकि एक गोल करने में मदद भी की. पहले हाफ में दो गोल से पिछड़ने के बाद मियामी की ओर से पहला गोल दूसरे हाफ के (चौथे मिनट) में माटेओ सिल्वेट्टी ने किया. मेसी ने सेगोविया से पास लेकर 57वें मिनट में अपना पहला गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया. इसके बाद सेगोविया ने 85वें मिनट में गोल करके मियामी को बढ़त दिलाई. मेस्सी ने 90वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके मियामी की जीत पक्की कर दी. मार्को पासलिच ने इवान एंगुलो से पास पर 18वें मिनट में गोल करके ऑरलैंडो सिटी को बढ़त दिलाई, इसके छह मिनट बाद मार्टिन ओजेडा ने गोल बढ़त को दोगुना कर दिया. लेकिन ऑरलैंडो सिटी हाफ टाइम के बाद अपनी बढ़त को कायम नहीं रख पायी. इस जीत के साथ इंटर मियामी दो गेम में तीन अंक के साथ सातवें स्थान पर है, जबकि ऑरलैंडो 11वें स्थान पर है, जिसे अभी तक एक भी अंक नहीं मिला है.

# श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को 4 विकेट से हराया

**सेंट जॉर्ज, 02 मार्च चामरी अटापट्टू (दो विकेट/39 रन) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका महिला टीम ने दूसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 11 गेंदे शेष रहते चार विकेट से शिकस्त दी.**



श्रीलंका ने रविवार रात खेले गये मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की महिला टीम श्रीलंकाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे निर्धारित 20 ओवरों में 101 रन के स्कोर पर सिमट गई. वेस्टइंडीज के लिए कप्तान हेली मैथ्यूज ने सर्वाधिक 28 रन बनाये. वहीं स्टेफनी टेलर ने (14), डिएंड्रा डॉटिन ने (12) और आलिया एलेन ने (नाबाद 11) रनों की पारी खेली. वेस्टइंडीज के शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके. श्रीलंका के लिए माल्की मदारा, नीलक्षिका सिल्वा ने तीन-तीन विकेट लिये. चामरी अटापट्टू को दो विकेट मिले. कविशा दिलहारी ने एक बल्लेबाज को आउट किया.

इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने 18.1 ओवर में छह विकेट पर 102 रन बनाकर मुकाबला चार विकेट से अपने नाम कर लिया.

## एफआईएच हॉकी क्वालिफायर 2026

# हैदराबाद टिकट बिक्री शुरु

**हैदराबाद, 02 मार्च हॉकी इंडिया ने कहा है कि आगामी एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर हैदराबाद, तेलंगाना के लिए टिकटों की बिक्री सोमवार से शुरु हो गई है.**

यह टूर्नामेंट आठ से 14 मार्च तक हैदराबाद के जी.एम.सी. बालयोगी हॉकी ग्राउंड खेला जायेगा. हॉकी इंडिया ने अधिक से अधिक प्रशंसकों की पहुंच के उद्देश्य से ईस्ट स्टैंड के लिए टिकटों की कीमत 100 रूपये, नॉर्थ स्टैंड के लिए 50 रूपये और साउथ स्टैंड के लिए 25 रूपये निर्धारित की है. भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया अगस्त में होने वाले एचआईएच हॉकी विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड्स 2026 के लिए तीन क्वालिफिकेशन स्पॉट के लिए मुकाबला करेंगे.

इस प्रतियोगिता के लिए टीमों को दो पूल में बांटा गया. इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया पूल ए में हैं, जबकि मेजबान भारत को स्कॉटलैंड, उरुग्वे



और वेल्स के साथ पूल बी में रखा गया है. भारतीय महिला हॉकी टीम अपने अभियान की शुरुआत आठ मार्च को उरुग्वे के खिलाफ करेगी, जिसके बाद 9 और 11 मार्च को स्कॉटलैंड और वेल्स के खिलाफ मैच होंगे.

## घोषणा ▶ अस्मिता कार्यक्रम के तहत देशभर में 250 जगहों पर एथलेटिक्स लीग का आयोजन किया जायेगा

# देशभर में आठ मार्च को होगी एथलेटिक्स लीग



**नयी दिल्ली, 02 मार्च. स्पोर्ट्स में महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदार की एक अनोखी पहल के तहत आठ मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्रालय के (अचीविंग स्पोर्ट्स माइलस्टोन बाय इंस्पायरिंग वीमेन थ्रू एक्शन) अस्मिता कार्यक्रम के तहत देशभर में 250 जगहों पर एथलेटिक्स लीग का आयोजन किया जायेगा.**

खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने आज यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में एथलेटिक्स लीग की घोषणा करते हुए कहा, 'पूरे देश में हमारी युवा महिलाओं को जोड़ने का इससे बेहतर मौका नहीं हो सकता और अस्मिता प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करने से बेहतर टूल और क्या हो सकता है, जो पहले से ही पूरे देश में प्रसिद्ध हो रहा है.'

श्रीमती खडसे ने कहा कि देश भर में 250 जगहों पर स्पर्धाएं होंगी, जिनमें अंडर-13, 13से 18 प्लस साल और 18 प्लस वर्ग के एथलेटिक्स (100मी, 200मी, 400मी) स्पर्धा करेंगे. हर जगह पांच तकीनीकी अधिकारी , 10 वॉलंटियर, एक प्रतियोगिता मैनेजर, एक पास्ट चैंपियन एथलीट (पीसीए) और डिस्ट्रिक्ट यूथ ऑफिसर तैनात होंगे.

उम्मीद है कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के लिए एक ही दिन में रिकॉर्ड 2,50,000 महिलाएं हिस्सा लेंगी. यह पहल माय भारत, खेलो इंडिया सेंटर्स (केआईसी), साई इकोसिस्टम और एनसीओई, स्टेट और डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन के साथ-साथ डिस्ट्रिक्ट यूथ ऑफिसर्स (डीवाईओ) के सहयोग से लागू की जाएगी. उन्होंने कहा, 'लीग 30 से ज्यादा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ऑर्गनाइज़ की जाएगी, जिसमें नॉर्थ-ईस्ट के राज्य भी शामिल हैं. इसका मकसद गांवों और छोटे शहरों की अधिक से अधिक लड़कियों को स्पोर्ट्स को करियर के तौर पर अपनाने के लिए बढ़ावा देना है.